Moneywise. Be wise.

दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट (कृषि) 05 दिसम्बर 2017

मसाले

कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
इलायची (दिसम्बर)	15-दिसम्बर-17	998.20	साइडवेज	27.11.17	996.70	-
इलायची (जनवरी)	15-जनवरी-18	1072.10	साइडवेज	29.11.17	1012.90	-
धनिया (दिसम्बर)	20-दिसम्बर-17	5496.00	तेजी	02.11.17	5172.00	5200.00
धनिया (जनवरी)	19-जनवरी-18	5618.00	तेजी	02.11.17	5070.00	5320.00
जीरा (दिसम्बर)	20-दिसम्बर-17	21925.00	तेजी	14.11.17	19650.00	21000.00
जीरा (जनवरी)	19-जनवरी-18	22020.00	तेजी	20.11.17	19910.00	20600.00
हल्दी (दिसम्बर)	20-दिसम्बर-17	7474.00	तेजी	20.11.17	7202.00	7400.00
हल्दी (अप्रैल)	20-अप्रैल-18	7438.00	साइडवेज	01.12.17	7460.00	-

तिलहन

कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव की दर	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
सीपीओ (दिसम्बर)	29-दिसम्बर-17	580.50	तेजी	20.11.17	576.50	570.00
सीपीओ (जनवरी)	31-जनवरी-18	580.60	तेजी	20.11.17	568.90	575.00
रिफाइंड सोयातेल(दिसम्बर)	20-दिसम्बर-17	727.30	तेजी	20.11.17	726.35	715.00
रिफाइंड सोयातेल(जनवरी)	19-जनवरी-18	739.20	तेजी	20.11.17	735.90	725.00
आर एम सीड(दिसम्बर)	20-दिसम्बर-17	4076.00	तेजी	20.11.17	3965.00	4000.00
आर एम सीड(जनवरी)	19-जनवरी-18	4111.00	तेजी	20.11.17	3968.00	4020.00
सोयाबीन (दिसम्बर)	20-दिसम्बर-17	3074.00	तेजी	20.11.17	2926.00	**3000.00**
सोयाबीन(जनवरी)	19-जनवरी-18	3138.00	तेजी	20.11.17	2977.00	**3030.00**

अन्य कमोडिटीज

कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव की दर	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
कैस्टरसीड(दिसम्बर)	20-दिसम्बर-17	4560.00	तेजी	27.11.17	4617.00	4480.00
कैस्टरसीड(जनवरी)	19-जनवरी-18	4617.00	तेजी	27.11.17	4666.00	4520.00
कॉटनऑयलसीडकेक(दिसम्बर)	20-दिसम्बर-17	1630.50	तेजी	14.11.17	1557.00	1580.00
कॉटनऑयलसीडकेक(जनवरी)	19-जनवरी-18	1652.00	तेजी	14.11.17	1568.00	1600.00
ग्वारसीड(दिसम्बर)	20-दिसम्बर-17	3886.00	तेजी	10.11.17	3705.00	3690.00
ग्वारसीड(जनवरी)	19-जनवरी-18	3973.50	तेजी	21.11.17	3784.00	3760.00
मेंथा तेल(दिसम्बर)	29-दिसम्बर-17	1910.30	तेजी	29.11.17	1846.00	1780.00
मेंथा तेल(जनवरी)	31-जनवरी-18	1939.00	तेजी	11.10.17	1268.60	1815.00

**यह इंट्रा-डे कारोबार के लिए नहीं है। रूझानों का विश्लेषण बंद भाव के आधार पर करना चाहिए ।

कमोडिटीज	स्थान	बंद भाव	पिछला बंद भाव	% अंतर
इलायची	वंदनमेन्दू	1013.60	1003.30	1.03
धनिया	कोटा	5401.75	5240.55	3.08
जीरा	ऊंझा	20680.00	20578.60	0.49
हल्दी	निजामाबाद	7721.90	7713.35	0.11

कमोडिटीज	स्थान	बंद भाव	पिछला बंद भाव	% अंतर
सीपीओ	कांडला	640.00	640.00	0.00
आरएम सीड	जयपुर	4206.75	4188.40	0.44
रिफाइंड सोयातेल	मुंबई	725.60	731.80	-0.85
सोयाबीन	इंदौर	3058.00	2995.00	2.10

कमोडिटीज	स्थान	बंद भाव	पिछला बंद भाव	% अंतर
ग्वारगम	जोधपुर	8775.40	8726.10	0.56
कॉटनऑयलसीडकेक	अकोला	1619.80	1591.00	1.81
कॉटन	कड़ी	18525.05	18202.35	1.77
ग्वारसीड	जोधपुर	3950.00	3943.70	0.16
चीनी एम	कोलकाता	3647.60	3703.00	-1.50
गेहूं	दिल्ली	1819.30	1830.65	-0.62

कृषि कमोडिटीज आउटलुक

मसाले

हल्दी वायदा (दिसम्बर) की कीमतों 7370-7535 के दायरे में साइडवेज कारोबार करने की संभावना है। सांगली, इरोद और कुडप्पा में हल्दी की हाजिर कीमतों में गिरावट हुई है जबकि निजामाबाद और डुग्गीराला में हल्दी की कीमतों में स्थिरता है। कम होती मांग के कारण सांगली, इरोद और कुडप्पा में हल्दी की हाजिर कीमतों में 100-300 रू की गिरावट हुई है । निजामाबाद और डुग्गीराला में काफी सुस्त कारोबार हुआ । जीरा वायदा (दिसम्बर) की कीमतों के तेजी के स्झान के साथ 21400 रू से ऊपर ही कारोबार करने की संभावना है। घरेलू खरीददारों की ओर से अधिक मांग के बीच सीमित आवक के कारण बेंचमार्क बाजार ऊझा और राजकोट में जीरे की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है । बेहतर घरेलू और निर्यात मांग के कारण राजकोट में जीरे की कीमतों में 25 रू/20 किग्रा की बढ़ोतरी हुई है। विश्व बाजार में भारतीय जीरे की भारी मांग हैं। तुर्की और सीरिया के जीरे की तुलना में भारतीय जीरे की कीमत काफी आकर्षक है जिसके कारण लगातार निर्यात मांग हो रही है। धनिया वायदा (दिसम्बर) की कीमतों में तेजी रह सकती है और कीमतें 5600-5650 रू के स्तर पर पहुंच सकती है। शुरूआती आंकड़ों के अनुसार मौजूदा सीजन में किसानों के धनिया के बजाय अन्य लाभकारी फसलों की खेती की ओर से रूख करने के कारण कीमतों में उछाल दर्ज की गई।

तिलहन और खाद्य तेल

सोयाबीन वायदा (दिसम्बर) की कीमतें 3100-3120 रू तक बढ़त दर्ज कर सकती हैं । कम सप्लाई के कारण बेंचमार्क बाजार इंदौर में सोयाबीन की कीमतें 25 रू बढ़कर 2800-3000 रू हो गई हैं। देश में सोयाबीन की आवक भी 5.50 लाख बैग के मुकाबले कम होकर 4.4.0 लाख बैग रह गई है। पेराई मार्जिन बेहतर होने के कारण मिलों द्वारा थोक मात्रा में सोयाबीन की खरीददारी की जा रही है। घरेलू बाजार में बढ़ी हुई मांग के कारण बेंचमार्क बाजार इंदौर में सोयामील की कीमतें 400 रू बढ़कर 22700 रू/टन हो गई हैं। रिफाइंड सोया तेल वायदा (दिसम्बर) की कीमतों में नरमी की संभावना है और कीमतें 722 रू तक लुढ़क सकती हैं। हाजिर बाजारों में सोया तेल की खुदरा मांग कम होने से अधिकांश थोक कारोबारी काफी कम खरीददारी कर रहे हैं। सीमित आवक के कारण बेंचमार्क बाजार इंदौर में सोया तेल की कीमतें 725 रू/10 किग्रा पर स्थिर हैं। इसके अतिरिक्त निकट भविष्य की आवश्कताओं को पूरा करने के लिए बंदरगाहों और पाइपलाइन में पर्याप्त स्टॉक है। खुदरा मांग कम होने से उच्च स्तर पर मुनाफा वसूली के कारण सीपीओ वायदा (दिसम्बर) की कीमतों में 575 रू तक गिरावट होने की संभावना है। कम मांग के कारण बेंचमार्क कांडला बंदरगाह पर रिफाइंड पॉम ऑयल कीमतें 645 रू/10 किग्रा हो गई है। सरसों वायदा (दिसम्बर) की कीमतें 4050-4150 रू के दायरे में कारोबार कर सकती है। बेंचमार्क बाजार जयपुर में सरसों की कीमतें 15 रू बढ़कर 4225 रू/100 किग्रा के स्तर पर पहुंच गई है। कारोबारियों के अनुसार सरसों की बुआई शीघ्र ही समाप्त होने वाली है और उत्पादन क्षेत्र में बढ़ोतरी की संभावना अत्यंत कम है, जिससे कीमतों को मदद मिल सकती है। राजस्थान में सरसों की बुआई में 25.5% कमी का अनुमान है।

अन्य कमोडिटीज

कपास वायदा (अप्रैल) की कीमतों में तेजी जारी रह सकती है और कीमतें 980 रू के स्तर पर पहुंच सकती हैं। निर्यातकों की ओर से नयी मांग के कारण मध्य और दक्षिण भारत में कपास की हाजिर कीमतों में तेजी दर्ज की गई। बांग्लादेश, वियतनाम और थाइलैंड महाराष्ट्र के मध्यम वेराइटी के कपास की खरीददारी कर रहे है। महाराष्ट्र में गुलाबी कीटों के प्रकोप से कपास की फसल प्रभावित हुई है। गुलाबी कीट कपास के रेशों को ही खा जाते हैं जिससे फसल को काफी नुकसान होता है। चना वायदा (दिसम्बर) कीमतों में 4400-4350 रू तक गिरावट होने की संभावना है। बुआई के आंकड़ों से पता चलता है कि रबी सीजन के दौरान चने की सप्लाई बेहतर रह सकती है क्योंकि मिट्टी में कम नमी को देखते हुए किसान गेहूं के बजाय चना की अधिक खेती कर रहे हैं। सरकार ने चने का न्यूनतम समर्थन मूल्य 10% बढ़ाए जाने और हाल ही में मटर पर आयाम शुल्क बढ़ाकर 50% करने का फैसला किया है। जिसके परिणाम स्वरूप मौजूदा सीजन में चने का उत्पादन क्षेत्र 16% बढ़कर 7.3 मिलियन हेक्टेयर हो जाने का अनुमान है जिसके कारण उत्पादन भी 35-40% बढ़कर 9.9 मिलियन टन हो जाने का अनुमान है। ग्वारसीड वायदा (दिसम्बर) की कीमतों के 3785-3930 रू के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। कम होती सप्लाई के बीच मिलों की ओर से अच्छी खरीददारी के कारण हाजिर बाजारों में ग्वारसीड और ग्वारगम की कीमतों में बढ़ोतरी हुई । जोधपुर बाजार में ग्वारसीड की कीमतें 75 रू बढ़कर 3900रू/100 किग्रा हो गई है जबकि ग्वारगम की कीमतें 175 रू बढ़कर 8850रू/100 किग्रा हो गई है । स्टॉकिस्टों की ओर से मांग अभी भी कमजोर है।

वंदना भारती	एवीपी कमोडिटी रिसर्च	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 625	**vandanabharti@smcindiaonline.com**
सुब्रोनिल डे	सीनियर रिसर्च एनॉलिस्ट	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 674	**subhranildey@smcindiaonline.com**
शिवानन्द उपाध्याय	रिसर्च एसोसिएट	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 646	**shivanand@smcindiaonline.com**

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Moneywise. Be wise.

Corporate Office:
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

Mumbai Office:
Lotus Corporate Park , A Wing 401 / 402 ,
4th Floor ,Graham Firth Steel Compound,
Off Western Express Highway, Jay Coach Signal,
Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-28805606

Kolkata Office:
18, Rabindra Sarani,
Poddar Court,Gate No.- 4, 5th Floor, Kolkata-700001
Tel: 91-33-39847000, Fax: 91-33-39847004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है। एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हें सत्य माना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें। रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं। यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है। इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है। सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है। सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा।